दिनांकः 14.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- आज़ादी की सालगिरह समारोह पूर्वक मनाने को लेकर प्रदेश में उल्लास–राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में।
- हर घर तिरंगा अभियान को लेकर प्रदेशभर में आज भी कई गतिविधियां–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसलमेर में करेंगे शिरकत।
- राज्य के पूर्वी जिलों में बरसात का दौर कमज़ोर पड़ने से मिली राहत–पश्चिमी जिलों में अच्छी बारिश।

....................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। साथ ही दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में भी इसे प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद क्षेत्रीय चैनलों द्वारा इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे इसका संस्करण प्रसारित करेगा।

....................

राष्ट्र कल अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के लालकिले की प्राचीर पर झंडा रोहण करेंगे और राष्ट्र के नाम संबोधन देंगे। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झंडा रोहण करेंगे और परेड का निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर प्रदेशभर के लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में सेना पुलिस, और स्कूली बच्चों की ओर से बैंड वादन की प्रस्तुति दी जाएगी।
राज्य के विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी राष्ट्र ध्वज फहराएंगे। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों को यादगार बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। आजादी की सालगिरह धूमधाम से मनाने को लेकर विभिन्न तैयारियां की गई हैं। विभिन्न सरकारी और ऐतिहासिक इमारतों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। आज जयपुर के अल्बर्ट हॉल और शहीद स्मारक पर शाम को देश भक्ति की स्वर लहरियां बिखेरी जाएंगी। यहां मिलिट्री और पुलिस बैंड की ओर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। जयपुर के साइंस पार्क में आज शाम ''हमारी शान तिरंगा'' संगीत कार्यक्रम रखा गया है। पाली में जवाई बांध को तिरंगा रोशनी से सजाया गया है।

....................

आजादी की वर्षगांठ धूमधाम से मनाने और लोगों में देशप्रेम की भावना जगाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज भी कई गतिविधियां आयोजित हो रही हैं। अभियान के तहत निकाली जा रही तिरंगा यात्राओं में लोग उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। सरहदी जिले जैसलमेर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तिरंगा यात्रा को रवाना करेंगे। सोनार दुर्ग से निकलने वाली इस यात्रा में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री वहां विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

................

जोधपुर के इंस्टीट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नोलोजी की ओर से अभियान को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए गो ग्रीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तिरंगा यात्रा के साथ संस्थान परिसर में पौधे लगाए और इनके संरक्षण का संकल्प लिया। उदयपुर में हर घर तिरंगा

अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने फतेहसागर पाल पर राष्ट्र ध्वज फहराया और रैली निकाली। वहां पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। अजमेर में जिला स्तरीय कार्यक्रम पुष्कर सरोवर पर रखा गया। वहां महाआरती और दीपदान के साथ कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक भी मौजूद रहे।

लोगों को राष्ट्र ध्वज मुहैया कराने को लेकर डाक विभाग भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। डाकघरों में मुहैया कराए जा रहे तिरंगे खरीदने को लेकर आमजन उत्साहित हैं। बीकानेर में डाक विभाग ने साठ हजार तिरंगा वितरण का लक्ष्य रखा है। मुख्य पोस्ट मास्टर ने बताया कि अब तक 16 हजार से ज्यादा झंडों की बिक्री हो चुकी है।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरूणाचल प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत छह सौ फुट लम्बे तिरंगे को लेकर निकाली गई तिरंगा यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि अरूणाचल प्रदेश में प्रत्येक नागरिक के दिल में देशभक्ति की जड़ें गहरी हैं और यह राज्य की आकर्षक सांस्कृतिक विरासत में स्पष्ट तौर पर झलकती है।

..................

प्रदेश के पूर्वी जिलों में जारी भारी बारिश का दौर अब कमजोर पड़ गया है। करौली, भरतपुर, सवाईमाधोपुर और राजधानी जयपुर में कल रुक–रुक कर हल्की बारिश हुई। तेज बरसात के रुकने से जलभराव की स्थिति में भी राहत मिली है। पानी उतरने से लोगों ने राहत की सांस ली और व्यवस्थाओं में जुटे रहे। इधर, दौसा में मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए आज भी सतर्कता बरती जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां जिला प्रशासन ने स्कूलों में आज का अवकाश घोषित किया है।

..................

करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां बारिश का दौर रुकने से स्थिति सुधरने लगी है। इधर, पश्चिमी जिलों में कल हुई अच्छी बारिश से लोग उल्लासित दिखाई दिये। जोधपुर में शाम को हुई झमाझम बारिश से कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। बालोतरा, बाडमेर और जैसलमेर में भी दिनभर रुक–रुक कर बारिश का दौर बना रहा। जोधपुर में मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए जिला कलेक्टर ने आज स्कूलों में बच्चों की छुट्टी घोषित की है। चूरू में देर रात हुई अच्छी बारिश से मौसम खुशनुमा बन गया है। शिवालिक पहाडियों पर बरसात होने से हनुमानगढ में घग्घर नदी में पानी की आवक बढ गई है। भीलवाडा के मांडल, करेड़ा, रायला और गुलाबपुरा सहित आस–पास के इलाकों में भी कल कई जगह मूसलाधार बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज जयपुर, नागौर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, दौसा, अलवर, भरतपुर, टोंक, बूंदी, बारां और कोटा में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है।

..................

पिछले साल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर चन्द्रयान की सफल लैण्डिग के उपलक्ष्य में केन्द्र सरकार ने इस साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस उपलक्ष्य में केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय और राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग की ओर से आज जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रदर्शनी और रन–अप कार्यक्रम के तहत सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री होंगे। इस कार्यक्रम में राज्य और केन्द्र सरकार के विभागों के 100 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

इनमें वैज्ञानिक, अभियंता, उद्योग प्रतिनिधि, विद्यार्थी और किसान शामिल हैं। सम्मेलन में जल के क्षेत्र में अंतरिक्ष के योगदान पर वैज्ञानिकों, अभियंताओं तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियां दी जायेंगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज, छात्रों और विभागों में अंतरिक्ष कार्यक्रम और उससे जुड़े लाभों के बारे में जागरुकता लाना और प्रचार–प्रसार करना है। इस दौरान पार्वती बांध, धौलपुर के कमांड क्षेत्र के काश्तकारों के लिए तैयार किए गए किसान साथी मोबाइल एप का लोकार्पण भी किया जाएगा। एप को जल संसाधन विभाग, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रूड़की ने विकसित किया है।

..................